हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026



### खबर संक्षेप

#### 20 पौवा शराब के साथ युवक पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से अपने पास शराब रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर बीस पौवा देशी शोले शराब बरामद कर कार्रवाई की है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस राजनांदगांव की अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 18 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने अटल आवास लखोली में रेड कार्रवाई कर आरोपी शिवा सिन्हा निवासी संतोषी नगर अटल आवास लखोली को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी शोले मसाला शराब कीमती 2000 रुपए जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

### मॉय एंगल




## डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था परिवार
# मालवाहक को ट्रेलर ने ठोंका, बालक की मौत, 9 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में छोटा हाथी माल वाहक खराब होने से सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान लापरवाही से भागती आ रही ट्रेलर ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे छोटा हाथी में सवार लोगों को गंभीर चोंटे आई। जिसमें एक बालक की मौत हो गई। बीती रात हुए इस घटना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्ग निवासी मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने छोटा हाथी माल वाहक में सवार होकर डोंगरगढ़ गए थे, जहां से वे बीती रात वापस लौट रहे थे। वे लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत भानपुरी स्थित सांई मिथिला ढाबा के सामने पहुंचे ही थे कि वाहन का क्लच प्लेट खराब हो गया था।

एनएच में भानपुरी के पास दुर्घटना



#### बालक की मौत, 9 लोगों का उपचार

घटना में वंश शर्मा 14 वर्ष शंकर नगर दुर्ग को गंभीर चोंट आई और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार वाहन में सवार 9 महिला, पुरूष व बच्चे घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट आशीष शर्मा 42 वर्ष ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### दस लोग थे सवार

वाहन को सड़क किनारे खड़ी कर मिस्त्री से सुधरवा रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 10 बजे नागपुर से दुर्ग की ओर आ रही वाहन ट्रेलर के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाते सुपर केरी छोटा हाथी माल वाहक को जोरदार ठोकर मार दिया। बताया गया कि छोटा हाथी माल वाहक में 10 महिला, पुरूष व बच्चे सवार थे। उक्त जबर्दस्त दुर्घटना के बाद माल वाहक में सवार लोगों में हायतौबा मच गई थी।

#### ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

इधर एक अन्य घटना में लापरवाही से भागती ट्रक ने कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बीती रात लगभग 10.35 बजे भानपुरी साहू वेल्डिंग के पास लापरवाही से भागती ट्रक ने कार को ठोकर मार दिया। ठोकर मारते हुए बस से जा टकराई। इस घटना में कार के आगे एवं पीछे का बोनट इंजन सहित क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी प्रीत कुमार सिन्हा ने दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# भारी बारिश की संभावना
## जिले के लिए आरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून ब्रेक के बीच अब मौसम विभाग ने अंचल को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अंचल में भारी से अति भारी बारिश देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो कि जुलाई के शुरूआती दिनों में अच्छी बारिश के बाद लगभग 8 दिनों से ब्रेक लगा हुआ है। जिसके चलते खेती में भी किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि यदि अगले कुछ दिनों में बेहतर बारिश हो गई तो किसानों के साथ ही जिलेवासियों को भी उमस से काफी राहत मिलेगी।



#### जिले में 86% बारिश

जिले में अब तक मानसून सीजन में 281 मिमी यानी 86 फीसदी बारिश दर्ज की गई है। जिले के कुछ इलाकों में हालांकि बारिश पिछड़ी हुई है। जिनमें घुमका का इलाका शामिल है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 243 मिमी यानी 87 फीसदी और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 196 मिमी यानी महज 42 फीसदी बारिश हुई है।
















## खबर संक्षेप



### स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में शनिवार को सेवानिवृत्त व्याख्याता रामेश्वर साहू ने न्योताभोज का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया, गुलाब जामुन एवं पापड़ खिलाया। इस अवसर पर गिरजा साहू, प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बिंदाबाई मंडावी, बसंत पडोती उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ी ठुमका के फाइनल में सखी ग्रुप



**कल्लूबंजारी।** छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में शानदार प्रस्तुति देकर बूचाटोला के सखी डांस ग्रुप के कलाकार फाइनल में पहुंच गए हैं। छत्तीसगढ़ी ठुमका प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की 100 टीमों को चयनित किया गया था। सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के कलाकार लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला तक पहुंच गए है। फाइनल मुकाबला में पांच टीम पहले से पहुंच चुकी थी। चार से संचालित सखी डांस ग्रुप में पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएँ हैं। इन नन्हे कलाकारों को दिनेश कुरेटी, जीनूराम वर्मा, योगेश तारम, तीरथ तारम, शशि कंवर, तानी तारम का सहयोग सतत मिल रहा है।

### बरबसपुर में साप्ताहिक बाजार शुरू



**गंडई पंडरिया।** ग्राम बरबसपुर में बाजार की शुरूवात की गई है। गत दिनों शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ इस सप्ताहिक बाजार की शुरुआत की गई। अब तक गांव के लोगों को रोजमर्रा की जरूरी चीजों के लिए 3 किमी दूर लिमो या 8 किमी दूर गंडई जाना पड़ता था जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती थी। गांव में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से ग्रामीणों को गांव में ही सामान खरीदने की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर हनुमानदास कश्यप, अमित शर्मा, सरपंच आशा कंजरे, विरेंद्र तिवारी, धीरू बारसे, प्रेम सिंह धाकड़, नरेश बंजारे, सुरेन्द्र मंडपाल, दिग्विजय सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास का लिया संकल्प, वरिष्ठों ने निःस्वार्थ भाव से सेवा करने की दी सलाह

# एल्डरमैनों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय नगर पालिका परिषद के नव नियुक्त एल्डरमैन गुलशन हिरवानी, राजीव वैष्णव और दयानंद सेन का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। एसडीएम अनिकेत साहु ने तीनों एल्डरमैनों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के आरंभ में एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र विशेष में अनुभव, सक्रियता के आधार पर एल्डरमैनों की नियुक्ति शासन द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अपनी क्षमता का उपयोग शहर के हित में करें।

इस दौरान अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, रोहित गुप्ता ने संबोधित किया।

इस मौके पर रामकिसन महेश्वरी, स्वरूपचंद जैन, दीना पटेल, हेमंत चोपड़ा, सतीश पांडे, हिना मंगल जैन, एलन साहू, प्रतिभा पटेल, महेश्वरी गंजीर, विभा साहू, ममता उइके, महेश्वर साहू, योगेश पटेल, राजेश दबे, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, सद्दाम खत्री, प्रियंक जैन, किशोर बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

#### सबकी नजर है, मनमानी न करें

इस मौक जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि निकायत और पंचायतके पद राजनीतिक की पहली सीढ़ी है इसलिए स्व हित के बजाए लोक हित में काम कर शहर को विकास का मॉडल बनाए तभी आपकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्हे या उनके कामकाज को कोई देख नहीं रहा है याद रखे आपको शहर की 40 हजार आंखे देख रही है जो चुनाव के समय मूल्यांकन कर

#### विकास का आदर्श बनाए

जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा और जनता की अपेक्षा के अनुरूप कम करना सबका दायित्व है। विकास के लिए सरकार कर मदद करने तैयार है किन्तु जरूरत इस बात की है कि सभी एकजुटता के साथ काम करते हुए शहर के विकास को गति देने का प्रयास करें।

## आम लोगों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय नगर पंचायत में नियुक्त तीन एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। तीनों को एसडीएम ने शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि शासन ने भाजपा नेता देवनारायण कुंभकार, सैयद अजहरूद्दीन एवं कुंजलता हरमुख को एल्डरमैन नियुक्त किया है।

तीनों को नगर पंचायत के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ समारोह नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, सीएमओ विजय पांडे, उपयंत्री योगेश्वर सिंह ठाकुर, पवन गुप्ता, आषीश द्विवेदी, गुलाब गोस्वामी, ढालसिंह कौशिक, नेहरू रजक, किशोर अडभैया, राजकिशोर खंडेलवाल, सतीश खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल, चंदन उपाध्याय, राजू कुरैशी, कमलेश सारस्वत, मोहन जैन, संदीप दुबे, भारत भूषण ठाकुर, पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, मुकेश सिन्हा, दिलीप कुंभकार, उषा यादव, कविता यादव सहित अन्य मौजूद थे। संचालन सीएमओ विजय पांडे एवं आभार ज्ञापन तिलक यादव ने किया।



#### सबको साथ लेकर करेंगे कामः अनिल

नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि वह नगर विकास के लिए सभी को साथ लेकर काम करेंगे। सभी का दायित्व है कि समन्वय बनाकर एवं सभी को साथ लेकर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर नागरिकों को सुविधा दिलाने का प्रयास करें।

#### अपनी जवाबदेही समझेः दिलीप वर्मा

जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने एल्डरमेनो को उनकी जवाबदेही व कर्तव्यों का बोध कराते हुए नगर विकास के लिए एकजुटता के साथ कार्य करने की सलाह दी। श्री वर्मा ने कहा कि वह अपने कर्तव्यो को पहले समझे इसके बाद कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए कार्य करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष आषीश द्विवेदी ने नगर विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आहवान किया।

# एक पर कार्रवाई, दूसरे को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ

ग्राम पंचायत कातलवाही में बिना लाइसेंस कथित नकली खाद निर्माण और भंडारण के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस प्रकरण में स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि विभागीय संरक्षण में नकली खाद का निर्माण और विक्रमय होते रहा है। इस खाद की आपूर्ति प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक की जाती थी।

■ नकली खाद निर्माण के मामले में नया मोड़

जानकारी के अनुसार किसान जीवन जंघेल द्वारा गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर संचालित फैक्ट्रियों में जैविक खाद के नाम पर अवैध खाद का निर्माण किया जा रहा था। इस मामले की शिकायतें सामने आती रही है किन्तु कार्रवाई नहीं होने से कारोबार फलते फूलते रहा। सूत्रों के मुताबिक जिला प्रशासन के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने कातलवाही स्थित स्वस्तिक ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स लिमिटेड में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस दौरान विभिन्न उर्वरक और कच्चे माल की 2485 बोरियां जब्त किया गया।

#### अन्य फैक्टरी से माल गायब

इस कार्रवाई के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है। आरोप है कि स्थानीय फील्ड अधिकारी ने अधिकारियों को एक फैक्ट्री की जानकारी दी, जबकि कुछ दूरी पर संचालित दूसरी इकाई की जानकारी से अवगत नहीं कराया गया जिसका फायदा उठाते हुए दूसरी फैक्टरी के माल को रातों-रात अन्यत्र हटा दिया गया। सूत्रों का दावा है कि दूसरी फैक्ट्री में भी बड़ी मात्रा में जैविक खाद एवं कच्चा माल मौजूद है।

#### अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

क्षेत्रवासियों ने पूरे मामले में कृषि विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर संदेह जताते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई किया जाता तो कथित कारोबार संचालित नहीं होता। आरोप लगाया जा रहा है कि पूर्व में शिकायतें मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने से अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला।


# विधायक और जिपं अध्यक्ष का कार्यालय स्टाफ वापस, 46 कर्मचारी हुए रिलीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी आदेश से कलेक्टोरेट के अलावा जिला और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समूचे काम काज के ठप्प पड़ने की संभावना बढ़ गई है। वही अब विधायक और जिपं अध्यक्ष को कार्यालयीन काम काज के लिए मिले कर्मचारी भी वापस लौट गए है।

कलेक्टोरेट के 27, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 11 और बीईओ कार्यालय के 3 की मूल संस्था मे वापसी आदेश के साथ ही कार्यालयीन काम काज के लिए शिक्षा विभाग से विधायक यशोदा वर्मा को मिले दो और जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के पास के एक कर्मचारी को भी रीलिफ कर दिया गया है जिसके चलते अब मूल संस्था में वापसी वाले गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की संख्या 46 हो गई है।

सालों से मूल संस्था से अलग हटकर काम करने वाले शिक्षा विभाग के बाबूओ में संचालनालय के उक्त आदेश को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है हालांकि कारवाई के डर से वो वापस लौट तो गए है, लेकिन आने वाले समय मे शैक्षणिक स्टाफ को पुराना आदेश होने के बाद भी संलग्न कर काम लेने वाले अधिकारियों को लेकर उनकी भड़ास निकल सकती है। वही प्रतिनियुक्ति को लेकर भी उनका कहना है कि जब उनको मूल जगह वापस भेजा जा रहा तो बाकियों के लिए विभाग रहमदिल क्यो दिखा रहा है।




#### प्रतिनियुक्ति की वापसी की मांग

नए जिले में कर्मचारियों की कमी के चलते सरकारी काम काज के लिए शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जिला कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे काम की अधिकता के चलते विभाग के गैर शैक्षणिक स्टाफ को संलग्न कर काम लिया जा रहा था। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश में उन्हें मूल संस्था में उपस्थिति आनलाइन एप के माध्यम से नही देने पर जुलाई महीने का वेतन रोकने, अनुशासनात्मक कारवाई और निर्धारित समय सीमा मे ज्वाइंनिंग नही देने के बाद उनके कार्यभार ग्रहण तक की तिथि को ब्रेक इन सर्विस संबंधी प्रस्ताव भेजने कहा था। उक्त आदेश के पालन को लेकर कर्मचारियों में भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि जिनके पास उन्होंने सालों काम किया वही अधिकारी संचालनालय के आदेश का अक्षरशः पालन करने तत्पर दिखे। दबे स्वर में कर्मचारियों ने कहा कि जिस तरीके से संचालनालय ने गैर शैक्षणिक की वापसी को लेकर तानाशाही दिखाई है वैसे ही प्रतिनियुक्ति समाप्त करने और शैक्षणिक स्टाफ की वापसी को लेकर भी तत्परता दिखाए ताकि उन्हें यह महसूस ना हो कि उनके साथ विभाग ने दुहरा रवैया अपनाया है। उनका कहना है कि नीति सभी पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। यदि प्रशासनिक जरूरतों के कारण प्रतिनियुक्ति आवश्यक है तो विभाग को इसकी स्पष्ट नीति और कारण सार्वजनिक करना चाहिए।

# उप मुख्यमंत्री से भेंट कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर विकास के लिए गुरूवार को उपमुख्यमंत्री अरूण साव से भेट कर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति एवं अनुदान उपलब्ध कराने पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

■ नगर विकास के लिए मांगा अनुदान

नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव से विधानसभा में भेट कर जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत इंटेकवेल के लिए भूमि अधिग्रहण की मंजूरी, किसान को मुआवजा देने फंड उपलब्ध कराने एवं नालंदा परिसर, एसटीपी की स्वीकृति के लिए आभार जताया। उन्होंने शिवनाथ एनीकट के सौंदर्यीकरण, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने चौपाटी निर्माण के लिए राज्य प्रवर्तित योजना से 50 लाख के अनुदान की मांग की। इसके अलावा नगर में रैन बसेरा निर्माण के लिए भी तीस लाख की मंजूरी देने की मांग की।



#### काम्पलेक्स के लिए राशि की मांग

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने निकाय की माली हालत की जानकारी देते हुए बताया कि कई कई महिने कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाता है। निकाय में नियमित कर्मचारियो की संख्या अधिक होने के कारण स्थापना व्यय बढा हुआ है इसलिए आय बढाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानो पर काम्पलेक्स निर्माण आवष्यक है। उन्होंने नए पुराने बस स्टैंड, परमेश्वरी नगर, टाउन हाल के समीप काम्पलेक्स निर्माण की मंजूरी तथा पालिका बाजार अंतर्गत अनुदान उपलब्ध कराने की मांग की।

### स्थापना दिवस पर शहीदों की स्मृति में रक्तदान

**डोंगरगढ़।** छात्र युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ, छात्र युवा मंच, सतनाम ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं परमालकसा के ग्रामीणों के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान किया। यह आयोजन 12 जुलाई 2009 को कोरकोट्टी में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों की स्मृति में किया गया था। आयोजकों ने इस मौके पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया। सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।




### गरीब और गांव के बच्चों को मिलेगा लाभ

# गंडई में निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्रामीण अंचल के छात्रों के लिए गंडई में निःशुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया गया। नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में शनिवार को पालकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी शुरुआत की गई।

यह कोचिंग संस्थान पिछले 3 वर्षों से संचालित है। यहां शिक्षकों द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य, प्रयास विद्यालय और उत्कर्ष जैसी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है। यहां मानसिक योग्यता, अंकगणित और भाषा विषयों की विशेष तैयारी के साथ-साथ छात्रों के मूल्यांकन के लिए साप्ताहिक और मासिक टेस्ट आयोजित किया जाता है।



कोचिंग का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, पार्षद दिलीप ओगरे, राकेश निषाद, बीईओ जीएल सुधाकर, रिटायर्ड प्राचार्य दुर्जनराम जंघेल, प्रधानपाठक यांत्री पड़वार सहित अन्य की मौजूदगी में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुसरो ने कहा कि ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन चाहिए। गंडई में शुरू यह निःशुल्क कोचिंग गरीब और जरूरतमंद बच्चों के सपनों को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि अभी तक इस क्षेत्र के बच्चे नवोदय की तैयारी के लिए डोंगरगढ़ जाते थे, लेकिन बहुत जल्द गंडई में भी नवोदय विद्यालय खुलने से समय और धन दोनों की बचत होगी।

#### डिजिटल बोर्ड की घोषणा

संकुल समन्वयक कौशल सिंह राजपूत ने डिजिटल व्हाइट बोर्ड की मांग रखी। छात्रों की आवश्यकता को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष खुसरो ने अपनी निधि से डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर उपलब्ध कराने की घोषणा की। श्री राजपूत ने बताया कि सोमवार से सुबह 7 से 9 बजे तक नियमित कक्षाएं संचालित होंगी। इस बार लगभग 100 बच्चे अपना भाग्य आजमाएंगे।

#### शिक्षक देते हैं सेवा

गंडई सहित आसपास के शिक्षक हर दिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक कोचिंग में बच्चों को पढ़ाते है और फिर 10 बजे तक अपने स्कूल मे सेवाएं देने पहुंचते है। व्यस्तता के बाद भी शिक्षा की अलख जगा रहे शिक्षकों के प्रति पालको ने आभार व्यक्त किया है।


## खबर संक्षेप

### सोमनी के विकास कार्यों को मिली गति

**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी के उपसरपंच विजय सिंह राजपूत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से स्पीकर हाउस राजनांदगांव में सौजन्य भेंट कर ग्राम में मॉडल जैतखाम निर्माण की स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होने पर डॉ. रमन सिंह ने तत्परता दिखाते अनुसूचित जाति विभाग के मंत्री गुरु खुसवंत साहेब को पत्र प्रेषित कर मॉडल जैतखाम निर्माण के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उपसरपंच विजय सिंह राजपूत ने ग्राम सोमनी के आवासपारा में हाई मास्क लाइट लगाए जाने की भी मांग रखी। इस पर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कलेक्टर राजनांदगांव को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम के इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर त्वरित पहल किए जाने पर उपसरपंच विजय सिंह राजपूत ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### 827वां स्वर्गारोहण महोत्सव 25 को

**राजनांदगांव।** जैन समाज के महान संत, युग प्रधान दादा श्री जिनदत्त सूरीश्वर जी महाराज का 872वां स्वर्गारोहण महोत्सव आगामी 25 जुलाई



को राजनांदगांव में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन परम पूज्य राष्ट्र रत्न, युग दिवाकर, मरुधरमणि खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वर जी महाराजा के सुशिष्य श्री मोक्षप्रभासागरजी मसा, श्री समयप्रभासागरजी मसा, श्री श्रेयांश प्रभा सागरजी मसा एवं श्री मौलिक प्रभा सागरजी मसा (आदि ठाणा 4)के सानिध्य में संपन्न होगा। इस महापर्व को लेकर गुरुभक्तों और स्थानीय जैन समाज में उत्साह देखा जा रहा है। गुरुभक्तों की सुविधा और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए पूरे दिन के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है।

### 20 एकड़ भूमि की मांग

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ चतुर संप्रदाय के







राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने शनिवार को शासन से भावनात्मक अपील करते मांग की है कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में निवासरत असहाय एवं गरीब वैष्णव बंधुओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने राजगामी संपदा की 20 एकड़ भूमि अविलंब आवंटित की जाए। श्री निर्वाणी ने कहा कि सदियों से सेवा और भक्ति का मार्ग अपनाने वाले वैष्णव समाज के अनेक परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कई परिवार कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। उनके बच्चे शिक्षा से दूर हैं। इस जनहित की मांग का वैष्णव बंधुओं ने एक स्वर में समर्थन किया है। इसमें डोमन दास वैष्णव, नारायण वैष्णव, चंद्रशेखर वैष्णव, दिलीप कुमार वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, संदीप वैष्णव व अन्य शामिल हैं।

### एग्रीस्टेक पोर्टल पंजीयन की समीक्षा

**खैरागढ़।** एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन कार्य की कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए और किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। समीक्षा दौरान कलेक्टर ने विकासखंडवार प्रगति की जानकारी लेते हुए धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्रयास करने का निर्देश देते हुए कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन किसानों के डिजिटल डाटाबेस निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है इससे उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरल व पारदर्शी तरीके से मिलेगा। कलेक्टर ने सभी पटवारियों एवं सीएससी संचालकों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर किसानों से संपर्क कर उन्हें पंजीयन की प्रक्रिया और उसके लाभों की जानकारी देने के अलावा पंजीयन में आने वाली तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करें और लक्ष्य के अनुरूप काम पूरा करने विशेष अभियान चलाएं। उन्होने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीयन शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है इसलिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी इसे गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्त करें।

### सुरगी में कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र की स्थापना

**राजनांदगांव।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार वर्ष 2026 में सामान्य की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत कम वर्षा होने का अनुमान है। इस कमी के कारण आगामी खरीफ सीजन में मानसून के देर से आगमन, समय से पहले विदाई और फसल चक्र के दौरान लंबे अंतराल (खंड वर्षा) जैसी प्रतिकूल स्थितियां निर्मित हो सकती है। इन मौसमीय चुनौतियों को ध्यान में रखते किसानों को समय पर सटीक वैज्ञानिक सलाह और तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र के माध्यम से कृषक सोमवार से शुक्रवार प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक अपनी कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु कृषक सूचना केंद्र में उपस्थित होकर वैज्ञानिकों से सीधे चर्चा एवं आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने जिले के समस्त कृषको से आग्रह किया है कि वे कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र की सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाएं तथा बदलती मौसमीय परिस्थितियों में अपनी फसलों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें। साथ ही कृषकों से आग्रह है कि वे क्षेत्र के अधिसूचित फसलों का 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसान अपनी फसलो का बीमा अवश्य कराएं, यह किसानों को फसल हानि की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है।

टाउनहाल में मैराथन बैठक में मेयर और कलेक्टर ने की अपील

# पहल: पार्षद अपने घरों में खुद लगाएं सोलर पैनल, दूसरों को भी करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को नगर निगम के टाऊन हाल में आयोजित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कार्यशाला में शामिल हुए। महापौर मधुसूदन ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना महत्वपूर्ण है। जिससे आने वाले वर्षों में जनमानस को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि यह चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे हम सभी को मिलकर पूर्ण करना है। इस योजना के क्रियान्वयन में सभी पार्षद अपना सहयोग देंगे तथा अपने घरों में बिजली बिल से मुक्ति पाने सोलर पैनल लगाने के साथ ही दूसरों को भी लगाने प्रेरित करेंगे। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी इसमें अपना हरसंभव योगदान देंगे।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना वर्तमान एवं भविष्य के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। बिजली बिल से संबंधित लागत इसके माध्यम से कम हो रही है। इस योजना से जो बचत होगी, उसका अन्य योजना में उपयोग किया जा सकेगा।



#### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने कहा कि शासन की इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव जिले में ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान रचना है और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे कदम बढ़ाना है। शहर में दूर-दूर तक सोलर प्लांट लगे दिखाई दें तथा सौर ऊर्जा से शहर को ऊर्जीकृत करें। ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने परिवार को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उपहार दें। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी तथा सभी को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ लेने प्रेरित किया। कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित ने बताया कि उपभोक्ता पोर्टल के माध्यम से शासन की इस महती योजना का लाभ ले सकते हैं। आवेदन कर वेंडर का चयन कर सकते हैं। ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा दाता भी बन सकते हैं।

#### जनमानस को मिलेगा फायदा

कलेक्टर ने कहा कि 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर सरकार अधिकतम 1 लाख 8 हजार रुपए की वित्तीय सहायता देती है। सब्सिडी के बाद शुद्ध ऋण राशि 81 हजार रुपए होगी, जिसे लगभग 890 रुपए प्रतिमाह किस्त लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान किया जा सकता है। इसी तरह 1 किलो वॉट, 2 किलो वॉट का भी सोलर पैनल लगवा सकते हैं। आसान तरीके से अपने घरों में अच्छी गुणवत्ता के सोलर पैनल लगाएं तथा बिजली बिल से मुक्ति पाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बैंक, विद्युत विभाग एवं नगर निगम की टीम समन्वित तरीके से कार्य करेगी। अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर भी जनमानस को फायदा मिलेगा।

#### 4 हजार उपभोक्ता लाभान्वित

लीड बैंक मैनेजर मुनिष शर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत ऋण, ब्याज की राशि के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर योजना से संबंध में सभी की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। 4000 से अधिक उपभोक्ता प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कई दिशा निर्देश

**राजनांदगांव।** भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को 16 मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएलपी तथा मन की बात तथा संगठन की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान करते कहा कि संगठन में शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर की बैठकों को निश्चित समय पर आयोजित करें और मन की बात तथा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम डीएलपी के विषय में सभी मंडल अध्यक्ष जागरूक रहकर आवश्यक निर्देशों का पालन करें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री डीकेश साहू ने किया। जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी ने भी मार्गदर्शन देते आभार व्यक्त किया। बैठक में मन की बात कार्यकम को बूथ स्तर पर आयोजित करने का आव्हान करते प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने विस्तार से अपने विचार रखे। मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया ने टीम वर्क की पारदर्शिता का वर्णन करते प्रमाणिकता का अनुकरण करने का आव्हान किया। बैठक में जैसल लाल बंटी, राजा माखीजा, त्रिगुण टंक, मुकेश ध्रुव, सुमित भाटिया, दीनाराम पटेल, जसमीत सिंह, अनिल सिन्हा, भुवन साहू सहित सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**राजनांदगांव।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव में आयोजित 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र ठाकुर उपसंचालक महिला एवं बाल विकास विभाग रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पशुधन की देखभाल, टीकाकरण, संतुलित चारा प्रबंधन, पशुधन से संबंधित शासकीय योजनाओं, पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों, पशु बीमा तथा पशुपालन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर डॉ. अजय शर्मा द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी रूप से प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता विकास से संबंधित जानकारी ऋषभ मिश्रा एवं प्रेम साहू द्वारा दी गई। जिससे प्रतिभागियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों का अंजोरा स्थित पशुधन चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण के दौरान उन्हें कृत्रिम गर्भाधान,



नस्ल सुधार कार्यक्रम तथा साहीवाल नस्ल की गायों के संरक्षण एवं प्रबंधन की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई।समापन समारोह में चंद्रकिशोर लाड़े, मुनीश शर्मा, पिनाकी डे सरकार तथा डॉ. नम्रता जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त पशु सखियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के लिए प्रभावी सहयोगी बनकर कार्य करने तथा पशुधन विकास एवं ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देने प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य एवं सफल स्वरोजगार की शुभकामनाएं देते प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

## कृषि महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव नवरंग 2026 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवनीत राणा तथा डॉ. ललित रामटेके मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में अधिष्ठाता डॉ एके गुप्ता ने स्वागत करते हुए पिछले वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है, जो उनके व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. राणा ने वार्षिकोत्सव के आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में हर्ष, उल्लास एवं भाईचारे का वातावरण निर्माण करते हैं। डॉ. रामटेके ने विद्यार्थियों को विभिन्न उदाहरण देकर प्रेरित किया।



#### पदभार किया ग्रहण

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने छात्रसंघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा छात्रों की उपलब्धियों के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसमें नाटक, लोक नृत्य, लोक गायन, मूक अभिनय आदि शामिल थे। भारत की अनेकता में एकता को दर्शाते हुए प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने दर्शकों का खूब ध्यान आकर्षित किया। अंत में प्राध्यापक डॉ. बीएस असाटी ने आभार व्यक्त किया।

## पार्टी विरोधी नहीं, कांग्रेस नेताओं के सम्मान में किया पोस्ट : दिलीप लहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कांग्रेस की गुटीय लड़ाई अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बाहर निकलकर अनुशासनहीनता के नोटिस जारी करने तक बढ़ गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज ने वार्ड 20 पार्षद दिलीप लहरे को नोटिस जारी कर तीन में समाधानकारक जवाब नही मिलने पर कारवाई की चेतावनी दी है जिसके चलते अब गुटीय लड़ाई वर्चस्व की लड़ाई में तब्दील हो गई है।

पार्षद दिलीप लहरे को शहर अध्यक्ष ने विधायक यशोदा वर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया में टिप्पणी को अमर्यादित और पार्टी विरोधी बताते हुए तीन दिनों के भीतर संतुष्टीकारक जवाब नही देने पर अनुशासनहीनता के चलते कारवाई का नोटिस जारी किया था जिसके जवाब मे पार्षद दिलीप लहरे ने किसी नेता के समर्थन में पोस्ट करने को अनुशासनहीनता नहीं बताते हुए आरोप निराधार अपने ऊपर लगाए गए पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समर्थन में की गई पोस्ट को अनुशासनहीनता मानना उचित नहीं है। पार्षद लहरे ने कहा कि वे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए हैं और लंबे समय से पार्टी के सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने कभी भी कांग्रेस पार्टी, उसके संविधान, सिद्धांतों अथवा अधिकृत नेतृत्व के विरुद्ध कोई पोस्ट या टिप्पणी नहीं की है।

#### गुणगान में गंवा रहे समय

पार्षद दिलीप लहरे ने कहा कि नोटिस में जिन सोशल मीडिया पोस्टों का उल्लेख किया गया है, वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, नवाज खान, गिरवर जंघेल और जिपं सदस्य शताक्षी सिंह सहित कांग्रेस नेताओं के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करने के उद्धेश्य से है। किसी नेता के पक्ष में समर्थन व्यक्त करना व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है और इसे पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं माना जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के किसी निर्वाचित विधायक या अधिकृत नेतृत्व के खिलाफ उन्होंने कभी कोई पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म में नहीं किया है। उन्होंने यह तर्क भी रखा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने से संगठन कमजोर नहीं बल्कि और अधिक मजबूत होता है। दिलीप लहरे ने नोटिस का जवाब देते हुए प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्रवाई समाप्त करने का अनुरोध करते हुए कहा कि उन्होंने आज तक कांग्रेस के हितों के विरुद्ध कोई काम नहीं किया है, इसलिए उनके खिलाफ लगाया आरोप पूरी तरह से भ्रामक और निराधार है। गौरतलब है कि संगठन के पुराने नेताओं और विधायक गुट के बीच बीते साल भर से खंदक की लड़ाई जारी है जिसके चलते दोनों पक्ष के लोग सोशल मीडिया में अपने अपने नेता का गुणगान करते आ रहे है। शहर अध्यक्ष के नोटिस को भी इसी क्रम में रखकर देखा जा रहा है।

## मेयर ने किया आंगनबाड़ी का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** नगर निगम के वार्ड क्र. 37 महावीर वार्ड में प्रस्तावित नवीन आंगनबाड़ी भवन क्र. 37/1 का भूमिपूजन शुक्रवार को महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम उपस्थित रहे। भूमिपूजन समारोह वार्ड के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याणकारी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन क्षेत्र के बच्चों एवं महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगा तथा वार्ड के समग्र विकास में नई भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में पार्षद जैनम बैद ने वार्डवासियों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महावीर वार्ड विकास के लिए नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं और भविष्य में भी जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे।

भूमिपूजन समारोह में दिलेश्वर साहू, उत्तम गिड़िया, कैलाश बैद, मनीष गोलछा, दिलीप कोटड़िया, नरेश चोपड़ा, मनोज बैद, अरूण जैन, हकीम खान, अजी साहब, भोला पारख, दीपचंद साहू, नीतू साहू, लक्ष्मी यादव सहित वार्ड के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने जगन्नाथ के प्रादुर्भाव पर प्रभावी नाट्य की प्रस्तुति दी

# युगांतर में निकली जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी, प्राइमरी तथा मीडिल विभाग के विद्यार्थियों ने जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकाली। यही नहीं विद्यार्थियों ने हिंदी शिक्षिका सुनीता सिंह और संस्कृत शिक्षक विकास प्रधान के निर्देशन में जगन्नाथ स्वामी के प्रादुर्भाव की प्रभावी नाट्य प्रस्तुति दी। श्वेता मूंदड़ा, विकास प्रधान, नीराजना तिवारी, सुनीता सिंह, परमजीत ठाकुर, मानसी दस्तीदार, दीपांक्षा शर्मा, सुखलता कौशिक, दिव्या पाठक, झुमुक



निषाद, राजेश चौबे ने गोपी प्रसाद पटेल के निर्देशन में भजन जगन्नाथ चका नयन गाकर विद्यालय परिसर भक्तिमय बना दिया।

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा हमें निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने मौसी के घर जाते हैं। यह प्रसंग भी संसार को यह संदेश देता है कि मां के समान मौसी का घर भी बच्चों को स्वर्ग के समान प्रिय लगता है।

#### शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में मीडिल विभाग की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा और संस्कृत शिक्षक विकास प्रधान ने अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनुशासन बनाए रखने में कक्षा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संगीत, आर्ट और श्रम विभाग ने आयोजन को भक्तिमय बनाने में अमूल्य योगदान दिया। रथ यात्रा में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सेवा सेतु केंद्रों में ऑनलाइन सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के नागरिकों को शासकीय सेवा सरल, सुगम व पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से राशन कार्ड संबंधी नई ऑनलाइन सेवा शुरू की गई हैं। इसके प्रभावी संचालन को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिले के सभी सेवा सेतु केंद्र संचालकों सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को राशन कार्ड संबंधी नवीन ऑनलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अब नागरिक राशन कार्ड में नया सदस्य जोड़ने, सदस्य का नाम विलोपित कराने (नाम हटाने) तथा अन्य राशन कार्ड संबंधी कार्यों के लिए अपने निकटतम सेवा सेतु केंद्र में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि सेवा सेतु पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर उसके पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर केवल स्पष्ट प्रमाणित दस्तावेज ही अपलोड करे। किसी भी स्थिति में अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दस्तावेज स्वीकार न किया जाए ताकि आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो।

#### एक मंच पर मिलेगी सारी सुविधा

प्रशिक्षण दौरान ऑपरेटरों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता मापदंड, पोर्टल संचालन, सेवा प्रदाय प्रणाली, आवेदन निस्तारण की समय-सीमा व शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विवाह प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन के लिए साधारण राजपत्र अधिसूचना की ऑनलाइन प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मिथलेश ठाकुर ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवा एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सभी सेवा सेतु केंद्र संचालकों को नवीन सेवाओं के संचालन व ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से हटा अतिक्रमण



**राजनांदगांव।** बारिश में सुचारू पानी निकासी एवं सुगम यातायात की दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से अनाधिकृत रूप से रखे ठेला हटाने की कार्रवाई नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा किया गया। इसी प्रकार ममता नगर रोड में पानी निकासी के लिए चबूतरे तोडे गए।

उल्लेखनीय है कि शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के आसपास अतिक्रमण कर 5-6 ठेला रखा गया था। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ गंदगी फैल रही थी। उक्त ठेलों को अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के निर्देश पर नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता ने मानव गैंग एवं जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ममता नगर रोड में अंडरब्रिज के पास पानी निकासी में आ रही बाधा को हटाने प्लेटफार्म को तोड़ा गया। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सड़क में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

# शराब परिवहन करते पकड़ा गया, 47 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 47 पौवा प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 जुलाई को थाना ठेलकाडीह पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम ठेलकाडीह से ग्राम मरकामटोला खार की ओर एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर परिवहन कर रहा है।

## पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 18 जुलाई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## बोरी में रखा था शराब

सूचना पर तत्काल थाना ठेलकाडीह पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को ग्राम मरकामटोला खार के पास रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम तीजू यादव 32 वर्ष निवासी ग्राम सिंगारपुर बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे में रखी सफेद प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 47 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन अनुमानित कीमत 3,760 रुपए की पाई गई।





## निधन

### चंद्रिकाबाई मानिकपुरी



**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव वार्ड की रहने वाली श्रीमती चंद्रिकाबाई (धर्मपत्नी सेवन दास मानिकपुरी) का आज भिलाई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 64 वर्ष की थी। वे अपने पीछे पति एवं दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा कल 19 जुलाई को उनके निवास से बजरंगपुर नवागांव के मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।












हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026






डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था परिवार

# छोटा हाथी को ट्रेलर ने ठोंका बालक की मौत, 9 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में छोटा हाथी माल वाहक खराब होने से सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान लापरवाही से भागती आ रही ट्रेलर ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे छोटा हाथी में सवार लोगों को गंभीर चोंटे आई। जिसमें एक बालक की मौत हो गई। बीती रात हुए इस घटना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्ग निवासी मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने छोटा हाथी माल वाहक में सवार होकर डोंगरगढ़ गए थे, जहां से वे बीती रात वापस लौट रहे थे। वे लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत भानपुरी स्थित सांई मिथिला ढाबा के सामने पहुंचे ही थे कि वाहन का क्लच प्लेट खराब हो गया था।

**एनएच में भानपुरी के पास दुर्घटना**



## ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

इधर एक अन्य घटना में लापरवाही से भागती ट्रक ने कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बीती रात लगभग 10.35 बजे भानपुरी साहू वेल्डिंग के पास लापरवाही से भागती ट्रक ने कार को ठोकर मार दिया। ठोकर मारते हुए बस से जा टकराई। इस घटना में कार के आगे एवं पीछे का बोनट इंजन सहित क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी प्रीत कुमार सिन्हा ने दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### *बालक की मौत, 9 लोगों का उपचार*

*घटना में वंश शर्मा 14 वर्ष शंकर नगर दुर्ग को गंभीर चोंट आई और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार वाहन में सवार 9 महिला, पुरूष व बच्चे घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट आशीष शर्मा 42 वर्ष ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।*

### *दस लोग थे सवार*

*वाहन को सड़क किनारे खड़ी कर मिस्त्री से सुधरवा रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 10 बजे नागपुर से दुर्ग की ओर आ रही वाहन ट्रेलर के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाते सुपर केरी छोटा हाथी माल वाहक को जोरदार ठोकर मार दिया। बताया गया कि छोटा हाथी माल वाहक में 10 महिला, पुरूष व बच्चे सवार थे। उक्त जबर्दस्त दुर्घटना के बाद माल वाहक में सवार लोगों में हायतौबा मच गई थी।*

# भारी बारिश की संभावना जिले के लिए आरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून ब्रेक के बीच अब मौसम विभाग ने अंचल को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अंचल में भारी से अति भारी बारिश देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो कि



जुलाई के शुरूआती दिनों में अच्छी बारिश के बाद लगभग 8 दिनों से ब्रेक लगा हुआ है। जिसके चलते खेती में भी किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि यदि अगले कुछ दिनों में बेहतर बारिश हो गई तो किसानों के साथ ही जिलेवासियों को भी उमस से काफी राहत मिलेगी।

### *जिले में 86% बारिश*

*जिले में अब तक मानसून सीजन में 281 मिमी यानी 86 फीसदी बारिश दर्ज की गई है। जिले के कुछ इलाकों में हालांकि बारिश पिछड़ी हुई है। जिनमें घुमका का इलाका शामिल है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 243 मिमी यानी 87 फीसदी और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 196 मिमी यानी महज 42 फीसदी बारिश हुई है।*












## खबर संक्षेप

### मधुर गुप्ता ने री-नीट में लहराया परचम



**पोंड़ी।** अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित री-नीट-2026 परीक्षा में पोंड़ी निवासी विद्यानंद गुप्ता के पुत्र मधुर गुप्ता ने शानदार सफलता हासिल करते हुए ऑल इंडिया रैंक 4754 प्राप्त की है। उन्होंने 99.76 परसेंटाइल हासिल कर पोंड़ी सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया। मधुर गुप्ता पोंड़ी के पूर्व आयुर्वेदिक चिकित्सक स्वर्गीय डॉ ब्रह्मानंद गुप्ता के नाती हैं। उनके बड़े पापा संजय गुप्ता आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पोंड़ी के प्राचार्य, जबकि स्वदेश गुप्ता छत्तीसगढ़ मंत्रालय में पदस्थ हैं। अपनी सफलता पर मधुर गुप्ता ने कहा कि उनका सपना अपने दादाजी की तरह चिकित्सा क्षेत्र में सेवा करते हुए अपने क्षेत्र के लोगों की मदद करना है। उनकी इस उपलब्धि से पोंड़ी क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मधुर की सफलता पर क्षेत्र के वरिष्ठजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, राजू मानिकपुरी, शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू सहित मित्र एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

### बिपतरा में प्रभु जगन्नाथ की निकाली रथयात्रा



**कोलेगांव।** बिपतरा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी जगत के पालनहार भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा पूरी आस्था और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस पावन अवसर पर समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पूरे गांव में भ्रमण पर निकले प्रभु कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को अत्यंत मनमोहक ढंग से सजाए गए भव्य रथों में विराजमान किया गया। बिपतरा के मुख्य मार्गों से होते हुए जब प्रभु का रथ निकला, तो उनके दर्शन और रथ खींचने के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने सपरिवार प्रभु का आर्शीवाद लिया। भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रथयात्रा मार्ग को तोरण-द्वार और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जय जगन्नाथ, बलभद्र की जय और सुभद्रा मैया की जय के जयकारे लगाए गए, जिससे पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए महाआरती और प्रसाद वितरण का भी भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोनलाल चंद्राकर, भानुप्रताप चंद्राकर, लालूराम चंद्राकर, सहदेव चंद्राकर, मदन चंद्राकर, व्यास चंद्राकर, सुमित चंद्राकर, पवन चंद्राकर, युधिष्ठिर चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, गोविंदा चंद्रवंशी, विक्की चंद्राकर, निखलेश्वर चंद्राकर व समस्त ग्रामवासी गण शामिल हुए।

### विद्यार्थियों ने देखा छग विधानसभा की कार्यवाही



**कवर्धा।** कवर्धा। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा तथा सचिन गुप्ता जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नेतृत्व में कवर्धा जिले के 115 स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के लक्ष्मण बारले, गीतेश कुमार साहू, ज्ञानेंद्र साहू, अजय धुर्वे, सोहन लाल साहू तथा खुशबू बारले, रूबी पाटले, ऋतु साहू, रेणुका यादव, संजना साहू व बालिकाओं ने विधानसभा का भ्रमण किया एवं 17 जुलाई को विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिवस पर विधानसभा की कार्यवाही देखी। पहली बार दशरंगपुर हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के बच्चों ने छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा का भ्रमण कर कार्यवाही देखी, जिसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के प्राचार्य चंद्रप्रकाश जागड़े के कुशल नेतृत्व व बच्चों की काउंसलिंग-तैयारी के लिए व्याख्याता रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी का ही प्रतिफल है। जिसके लिए व्याख्याता पूनमलाल सोनी, ममता मिश्रा, अर्चना सोनी, हेमधर साहू, कल्पना बावनकर, बद्रीप्रसाद सोनी, रज्जीकौर चावला, राधिका महोबिया, दुर्गेश नंदिनी, गोविन्द पयासी, आबिद रजा, वेदप्रकाश साहू, विनोद साहू ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# डबराभाट बांध के गेट पर फेंका गया बायोमेडिकल कचरा

- आठ बोरियों में मिलीं इस्तेमाल की हुई सिरिंज और शीशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर ग्राम डबराभाट स्थित लघु जलाशय के गेट पर बड़ी मात्रा में कथित तौर पर बायोमेडिकल कचरा फेंके जाने का मामला सामने आया है। सारंगपुर मार्ग पर स्थित बांध के गेट के पास आठ बोरियों में इस्तेमाल की हुई सिरिंज (नीडल), इंजेक्शन, सुइयां और दवा की खाली शीशियां पड़ी मिली हैं।

इस घटना से आसपास के ग्रामीणों और किसानों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं किया गया तो बारिश के पानी के साथ यह नहर में बहकर खेतों तक पहुंच सकता है, जिससे दुर्घटना और संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी अज्ञात अस्पताल, क्लीनिक या चिकित्सक द्वारा चिकित्सा अपशिष्ट को नियमों के विपरीत खुले स्थान पर फेंका गया है। यदि यह सच है, तो यह बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह कचरा किस संस्था या व्यक्ति द्वारा फेंका गया है। इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। सारंगपुर निवासी किसान दिलीप धुर्वे और पुखराज ठाकुर ने बताया कि डबराभाट बांध से निकलने वाली नहर का पानी उनके खेतों तक पहुंचता है।

बारिश के दौरान यदि ये इस्तेमाल की हुई सुइयां और शीशियां पानी के साथ बहकर खेतों में पहुंच गईं, तो खेती के दौरान किसानों के पैरों में चुभने का खतरा रहेगा। इससे चोट लगने के साथ संक्रमण और अन्य गंभीर बीमारियों की आशंका भी बनी रहेगी।



#### वैज्ञानिक मानकों के अनुसार नष्ट किया जाए

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस चिकित्सा कचरे को तत्काल मौके से हटाकर सुरक्षित तरीके से वैज्ञानिक मानकों के अनुसार नष्ट किया जाए। साथ ही यह भी पता लगाया जाए कि यह बायोमेडिकल कचरा किसने यहां फेंका और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### तत्काल जांच कर आवश्यक कदम उठाएं

स्वास्थ्य संबंधी अपशिष्ट का खुले में इस प्रकार फेंका जाना न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि ग्रामीणों, किसानों और पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। ऐसे में संबंधित विभागों को मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। इससे क्षेत्र में संभावित संक्रमण और दुर्घटनाओं की आशंका को समय रहते रोका जा सकेगा।

## समस्या : ग्रामीणों को रोजाना उठानी पड़ रही मुश्किलें

# पगडंडी ही सहारा, अंचल में आज भी कई गांव सड़क से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के दावों के बीच आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां सड़क जैसी बुनियादी सुविधा लोगों के लिए सपना बनी हुई है। सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं को रोजाना खेतों की मेड़ और पगडंडी के सहारे एक गांव से दूसरे गांव तक पहुंचना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। फिसलन भरे रास्तों पर आवागमन करना जोखिम भरा हो जाता है, लेकिन मजबूरी में ग्रामीणों और बच्चों को इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

क्षेत्र के ग्राम घुकसा से नाऊडीह, नाऊडीह से बीजाझोरी, घुकसा से डबराभाट तथा सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक आज भी सड़क निर्माण नहीं हो सका है। इन गांवों के बीच आवागमन के लिए कोई पक्का मार्ग उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप लोगों को खेतों की मेड़ और सकरी पगडंडियों से होकर सफर करना पड़ता है। यही रास्ता ग्रामीणों के लिए बाजार, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने का एकमात्र सहारा बना हुआ है। सड़क के अभाव का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

ग्राम जेवड़न खुर्द के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन खेतों की मेड़ पार कर स्कूल पहुंचते हैं। बरसात के दिनों में रास्ते में कीचड़ और पानी भर जाने से छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। कई बार गिरने और चोटिल होने का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा उन्हें हर दिन इन कठिन रास्तों से गुजरने के लिए मजबूर करती है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत और प्रशासन के समक्ष कई बार सड़क निर्माण की मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। पंचायत राज व्यवस्था के बावजूद इन गांवों के लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

#### सड़क निर्माण से शिक्षा की राह आसान होगी



यदि इन मार्गों पर सड़क का निर्माण हो जाए तो हजारों लोगों को राहत मिलेगी। बच्चों की शिक्षा आसान होगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य, राशन तथा अन्य सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन मार्गों का सर्वे कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जाए। उनका कहना है कि विकास तभी सार्थक होगा, जब गांवों को सुरक्षित और सुगम सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान अब और अधिक टालना उचित नहीं होगा। सड़क निर्माण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

### जन्मदिन पर विद्यार्थियों को सामाग्री वितरित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रणवीरपुर

विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम मगरवाह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला में समाजसेविका सरिता अनमोल जैन ने अपनी बहू हिमा श्री जैन के जन्मदिन पर सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय के 85 विद्यार्थियों को छतरी, कॉपी-पेन सहित अन्य अध्ययन सामाग्री वितरित की। इसके बाद सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक न्योता भोज भी कराया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राघवेंद्र वर्मा, जिला मंत्री कबीरपंथ समाज राजाराम जैन, पंच अश्वन मेरावी, शाला विकास समिति अध्यक्ष परस वर्मा, डोंगरू धुर्व, दिसू धुर्व, राजेश भारकड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें। वहीं छात्र छात्राएं सामाग्री पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठें।

# सासंद ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने कुई-कुकदुर मंडल एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-01 के सुदूर वनांचल क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इस दौरान जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे भी उनके साथ उपस्थित रहीं और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। दौरे के दौरान सांसद ने ग्राम बकेला डायवर्सन में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।

ग्राम देवसरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा ग्राम खाम्ही में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। तत्पश्चात ग्राम सेमरहा, दमगढ़, कुशियारी, महीडबरा, बदना एवं तायतिरनी में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। ग्राम कुई में स्वर्गीय भरत कुंभकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा संजय जैन के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। वहीं ग्राम नेऊर में पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष बहादुर सोनी के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह, विश्वास एवं आत्मीय स्वागत उन्हें निरंतर जनसेवा और विकास कार्यों के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों शासकीय हाई स्कूल कोयलारी में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत चिरायु टीम स्वास्थ्य केंद्र मरका द्वारा विद्यार्थियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं सुरक्षा संबंधी पूर्ण जानकारी दिया गया। इसके बचाव हेतु 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य टीम के द्वारा किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं बरसात में मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए विशेष सावधानियां बरतने के लिए कहा गया। जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती पूजा केसरवानी, डॉ पवन कुमार, उत्तम सिंह पोर्ते, श्रीमती गोदावरी भार्गव, निलेश कुमार वर्मा एवं प्राचार्य मदनलाल चंद्राकर, व्याख्याता सुनील कुमार, श्रीमती सोनलता मरकाम, कीर्तन लाल नायक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जिला पदाधिकारी व 14 मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न



**कवर्धा।** गत दिन शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा के विशेष उपस्थिति मे भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व मे जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा मे जिला पदाधिकारी एवं 14 मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त हुआ एवं जिला पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्ष-महामंत्रियों का स्वागत गमछा भेंटकर किया गया। उक्त बैठक मे संगठन की कार्यपद्धति एवं संगठन कि आगामी कार्ययोजना संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। उक्त बैठक मे जिला जिला के समस्त पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित थें।

## ग्रापं घोरपेंड्री के रहवासियों ने विकास कार्यों की जांच की मांग

# मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में ग्रामीणों को शासन की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली कई मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सीसी रोड, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, नाली की नियमित सफाई और स्वच्छता जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे लोगों को रोजमर्रा के जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत के कई वार्डों में आज भी कच्चे रास्ते हैं। बरसात के दिनों में इन मार्गों पर कीचड़ भर जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई स्थानों पर संपर्क मार्ग बाधित हो जाते हैं, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि जहां सीसी रोड नहीं है, वहां कम से कम गिट्टी और मुरूम डालकर रास्तों को चलने योग्य बनाया जाना चाहिए। गांव के कई हिस्सों में नालियों का निर्माण नहीं हुआ है और जहां नालियां बनी हैं, वहां भी नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है। इससे स्वच्छता अभियान के उद्देश्य भी प्रभावित हो रहे हैं तथा बारिश के मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के विकास तथा 15वें वित्त आयोग की राशि के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए हर वर्ष धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बावजूद गांव में आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित फंड का उपयोग किन कार्यों में किया गया, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जिस पर शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में सीसी रोड, नाली निर्माण, साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


जीवेद शरदः शतम्
भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के
उप मुख्यमंत्री सम्मानीय श्री विजय शर्मा जी
19 जुलाई को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
विनीत : भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित राम्हेपुर कवर्धा
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

वारदात: पुलिस घटना के हर पहलू की कर रही बारीकी से जांच, पर हाथ अब तक खाली

# सिंगारपुर के खेत में फिर मिला महिला का खून से सना शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विलंभ से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंगारपुर में करीब दो माह बाद पुनः एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक महिला का खून से लतपथ शव खेत में पड़ा पाया गया है।

घटना की जानकारी के बाद ग्रामीणों और मृतका के परिजनो ने इसकी सूचना स. लोहारा पुलिस को दे दी है पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और अब मामले की विवेचना की जा रही है। लेकिन घटना के दो दिन बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली बताए जा रहे हैं। इस संबंध में थाना स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर के एक खेत में बीते गुरूवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर एक महिला का खून से लतपथ शव बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक विवेचना में मृतका की पहचान किरण वर्मा आयु 32 वर्ष निवासी सिंगापुर के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने सुबह खेत में महिला का शव पड़ा देखा। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था। जिसे देखकर स्पष्ट है कि महिला की बड़ी बेरहमी से हत्या की गई है।

पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का लग रहा है। शरीर पर मिले गंभीर चोटों के निशान हत्या की आशंका को बल दे रहे हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

पुलिस ने बताया कि पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मृतका के परिजनों, परिचितों और आसपास के लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है।

### दो माह पूर्व भी सिंगारपुर में हुई थी महिला की हत्या



यहां बताना लाजिमी होगा कि सिंगारपुर वही गांव है जहां मई 2026 में भी गांव के एक खेत में 32 वर्षीय बेलसिया छेदैया का निर्वस्त्र शव मिला था, जिसे दुष्कर्म से जोड़कर देखा जा रहा था। हालांकि पुलिस ने जांच में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली थी। यह मामला दुष्कर्म का नहीं बल्कि पारिवारिक रंजिश का निकला था और पुलिस ने मृतका की ननद को भाभी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। अब पुनः गांव में महिला की हत्या को लेकर कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसी प्रकार दो दिन पूर्व जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के बंजारी के पास नेशनल हाईवे 20 के किनारे जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिला था, जिसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। लगातार शव मिलने की घटनाओं से जिले में चिंता का माहौल है।

### लगातार बढ़ रहे आपराधिक मामले

जिले में लगातार बढ़ रहे आपराधिक मामले कानून व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। अगर इसी हफ्ते की बात की जाए तो जिला मुख्यालय कवर्धा में दो बड़ी आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी है जिसमें पुलिस ने कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक दुकानदार की दुकान में घुसकर मारपीट तथा अपहरण की वारदात तथा एसपीआई बैंक के सामने से साढ़े तीन लाख रूपए की लूट का मामला चर्चा में है। वहीं अब जिले के सहसपुर लोहारा के ग्राम सिंगारपुर से एक बार फिर महिला की हत्या का मामला सामने आ गया है।

## जिलें के विद्युत अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



■ मुख्य अभियंता एवं कार्यपालक निदेशक परियोजना ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा विभागीय कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शनिवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता एचके मेश्राम एवं कार्यपालक निदेशक परियोजना एम जामुलकर द्वारा कबीरधाम जिलें के समस्त कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं से संबंधित विद्युत व्यवधान की शिकायतों का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मानसून एवं खरीफ सीजन को देखते हुए उन्होंने कहा कि विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय विद्युत सुरक्षा उपकरणों का शत-प्रतिशत उपयोग है। सभी मैदानी लाइन कर्मचारियों को हेलमेट, रबर ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी शूज एवं इंसुलेटेड टूल्स के साथ ही कार्य कराया जाए।

बिना सुरक्षा उपकरण के किसी भी स्थिति में लाइन कार्य न कराया जाए। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व शटडाउन एवं कार्य-आदेश की प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया जाए। मुख्य अभियंता ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को भी विद्युत सुरक्षा एवं विद्युत दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया जाए। इसके लिए गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उपभोक्ताओं को निम्न बिंदुओं के प्रति प्रोत्साहित किया जाए।

### खबर संक्षेप

#### जिले में 199.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

कवर्धा। जिले में एक जून से आज तक 199.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 180.4 मिमी, पंडरिया तहसील में 161.7 मिमी, बोड़ला तहसील में 192.1 मिलीमीटर, स. लोहारा तहसील में 152 मिमी, रेंगाखार तहसील में 139.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 123.9 मिमी, पिपरिया तहसील में 351.2 मिमी और कुकदूर तहसील में 299.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 17 जुलाई की स्थिति में पिछले चौबीस घंटे में जिले में 11.9 मिमी वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 8.1 मिमी, पंडरिया तहसील में 11.8 मिमी, बोड़ला तहसील में 7.5 मिमी, स. लोहारा तहसील में 11.6 मिमी, रेंगाखार तहसील में 16.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 9.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 16.1 मिमी और कुकदूर तहसील में 15.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### निधन

#### श्रीमती मंजु शुक्ला



कवर्धा। जिले सहित ग्राम माकरी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं कांग्रेस नेता राजेश शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती मंजु शुक्ला का शनिवार को एमएमआई अस्पताल में ईलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, वे काफी दिनो से अस्वस्थ्य बताई जा रही हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम माकरी कुण्डा लाया जाएगा जहां अंतिम दर्शन पश्चात उन्हें काशी बनारस ले जाया जाएगा। श्रीमती शुक्ला अपने पीछे तो बच्चों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन से ग्राम माकरी सहित परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है।

## राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आरुही श्रीवास का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ एवं सर्व सेन नाई समाज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाशाली बेटी एवं स्वर्गीय ध्रुव श्रीवास की नातिन आरुही श्रीवास से श्रीमती विद्या भानु प्रकाश श्रीवास, जिला अध्यक्ष, सर्व सेन नाई समाज महिला विंग, जिला कबीरधाम ने सौजन्य भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्रीमती विद्या भानु प्रकाश श्रीवास ने आरुही श्रीवास को पुष्प एवं पौधा भेंट कर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आरुही की यह सफलता जिले, प्रदेश एवं समाज के लिए गर्व का विषय है। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम निरंतर रोशन करेंगी।

इस सम्मान समारोह में सर्व सेन नाई समाज महिला विंग की सदस्य श्रीमती उषा श्रीवास एवं श्रीमती टिकैतिन श्रीवास, तथा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल बोड़ला की महामंत्री श्रीमती बोधनी मेरावी, मंत्री श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती उर्मिला साकत, श्रीमती रमली बैगा एवं श्रीमती संगीता डहरे उपस्थित रहीं।

सभी उपस्थितजनों ने आरुही श्रीवास की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

### समस्या...



कवर्धा। बारिश के मौसम में मवेशियों की बढ़ी समस्या, कोई इंतजाम नहीं।

## यात्रा से लौटे तिवारी का लायंस क्लब ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कैलाश-मानसरोवर की दुर्गम एवं पावन यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लौटे समाजसेवी राकेश तिवारी का लायंस क्लब ने आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया।

क्लब के सचिव लायन हरीश गांधी ने शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा सफल यात्रा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष लायन आनंद प्रकाश दानी, आनरेरी गवर्नर व पूर्व अध्यक्ष लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, उपाध्यक्ष लायन रेखराज मुंदड़ा तथा बीआर चंद्रवंशी ने भी राकेश तिवारी का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया।

सभी पदाधिकारियों ने कहा कि कैलाश-मानसरोवर की यात्रा आस्था, साहस, धैर्य एवं दृढ़ संकल्प की परीक्षा होती है। इस कठिन यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करना प्रत्येक श्रद्धालु के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। राकेश तिवारी ने मानसरोवर यात्रा के अपने अनुभव साझा किए तथा भगवान शिव एवं कैलाश-मानसरोवर के दिव्य दर्शन से प्राप्त आध्यात्मिक अनुभूतियों का वर्णन किया।

## सीएफआर ग्राम कोटनापानी में लाख उत्पादन प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक प्रदर्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शिखर युवा मंच एवं सीएमएस फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से जिला कबीरधाम के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्राम कोटनापानी में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति एवं ग्राम सभा के सदस्यों के लिए लाख उत्पादन एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक वन संसाधनों के सतत एवं वैज्ञानिक उपयोग के माध्यम से ग्रामीणों की आजीविका को सशक्त बनाना तथा लाख उत्पादन को आय का एक प्रभावी एवं टिकाऊ स्रोत विकसित करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को लाख उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक, उपयुक्त मेजबान वृक्षों का चयन, लाख स्थापना, संरक्षण, रखरखाव, उत्पादन चक्र, विपणन तथा संभावित आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम सभा एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के कुल 21 सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

प्रशिक्षक द्वारा लाख स्थापना की वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक विधि का प्रदर्शन करने के उपरांत प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ग्राम के 17 कुसुम वृक्षों पर कुल 20 किलोग्राम लाख का सफलतापूर्वक स्थापना की गई। साथ ही जिन किसानों के खेतों में लाख स्थापित किए गए कुसुम वृक्ष स्थित हैं, उन्हें उन वृक्षों की नियमित देखरेख, संरक्षण एवं तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि गुणवत्तापूर्ण लाख उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि लाख उत्पादन वनाधारित आजीविका का एक लाभकारी, पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ माध्यम है, जो वनाश्रित एवं ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि के साथ-साथ सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं सतत उपयोग को भी प्रोत्साहित करता है।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए सीएफआर क्षेत्र में अधिक से अधिक कुसुम वृक्षों पर लाख उत्पादन का विस्तार करने तथा इसे आजीविका के एक सशक्त माध्यम के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## जिला वैष्णव समाज ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वैष्णव समाज सेवा समिति कवर्धा, जिला -कबीरधाम द्वारा स्थानीय वैष्णव सामुदायिक भवन कवर्धा में पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व्याख्याता रामदास वैष्णव, अध्यक्ष अध्यक्षता रोहित वैष्णव, विशिष्ट अतिथि व्याख्याता आकाश वैष्णव, जिला संयोजक ने किया। राम दास वैष्णव ने बताया कि हमारे समाज में भी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अलग अलग कार्य क्षेत्र पद में अपना नाम रोशन किया है। रायपुर में संस्कृत महाविद्यालय, राजा दिग्विजय दास महाविद्यालय राजनांदगांव, महंत जानकी शरण दास वैष्णव महाविद्यालय पिपरिया में है, वे सभी वैष्णव समाज के दानवीर है, जिससे हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण कर रहे हैं।

अध्यक्ष रोहित वैष्णव ने कहा कि इसी तरह पढ़ाई करके अच्छे अंक प्राप्त कर समाज व अपने माता-पिता का भी नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक आकाश वैष्णव ने कहा पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त कर अन्य विदद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बने।

लाभान्वित छात्राओं में दिखी खुशी, नपा अध्यक्ष ने किया वितरण

# सेजस कवर्धा में छात्राओं को नि:शुल्क सायकल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सेजस कचहरी पारा कवर्धा में शनिवार को नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं अतिथियों के हाथों कक्षा 9 वीं के पात्र छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री चंद्रवंशी की उपस्थिति में सरस्वती पूजन कर किया गया। संस्था की प्राचार्या श्रीमती ऊषा ठावरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संक्षिप्त जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि डॉ अतुल देव वर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो भी छात्र कक्षा 12 वीं की आगामी परीक्षा में नगर में प्रथम आएंगे उन्हें 5 हजार रुपए की पुरुस्कार देंगे साथ ही द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाएगा इस विद्यालय के जिस विद्यार्थी का चयन नीट में होगा उन्हें 11 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बच्चों को तन्मय होकर पढ़ने को कहा ताकि बच्चे संस्कार के साथ अच्छा अध्ययन करके अच्छे नागरिक बन सकें। छात्राओं से वे कहां-कहां से आते हैं जानकार उन्हें अब सायकल से नियमित विद्यालय आने को भी कहा। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य व पार्षद शंभू देवांगन, श्रीमती सुषमा उपाध्याय, सोनू उपाध्याय एवं सदस्यगण सनत तिवारी, संजय मिश्रा, नीलकमल सांडिल्य डॉ अतुल देव वर्मा सहित विद्यालय के प्राचार्य व स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लोकेश कुमार वैष्णव ने किया।

### शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद शुक्ला ने सरकार की योजनाओं का परिणाम बतलाते हुए बतलाया कि कभी हाई स्कूलों में बहुत कम छात्राएं रहती थी पर सरकार के द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन, नि: शुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, नि:शुल्क सायकल एवं छात्रवृत्ति की योजनाओं के चलते आज स्थिति बदल गई है। अब विद्यालयों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक रहती है।

## छिरहा हाई स्कूल में एचपीवी टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया गया और छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

भारत सरकार द्वारा देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 से 15 साल की स्कूली लड़कियों के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत किया गया है। इसी अभियान के अंतर्गत विद्यालय की कुल 14 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कदम बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य और भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। टीकाकरण के साथ ही स्वास्थ्य विभाग पिपरिया की चिरायु टीम द्वारा विद्यालय के कुल 128 छात्र-छात्राओं का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और बेहतर खान-पान के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन व परामर्श दिया। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में पिपरिया स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम के सदस्य डॉ. वेणुकिरन महंत, डॉ. राकेश वर्मा, शाहिदा खान, दुर्गेश नेताम और अजय कुर्रे ने अपनी सेवाएं दीं।

इसके साथ ही विद्यालय की ओर से व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी और वीणाक्षी नामदेव भी पूरे समय उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

# शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से हटा अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** बारिश में सुचारू पानी निकासी एवं सुगम यातायात की दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के पास से अनाधिकृत रूप से रखे ठेला हटाने की कार्रवाई नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा किया गया। इसी प्रकार ममता नगर रोड में पानी निकासी के लिए चबूतरे तोडे गए।



उल्लेखनीय है कि शीतला मंदिर नेहरू उद्यान के आसपास अतिक्रमण कर 5-6 ठेला रखा गया था। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ गंदगी फैल रही थी। उक्त ठेलों को अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के निर्देश पर नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता ने मानव गैंग एवं जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ममता नगर रोड में अंडरब्रिज के पास पानी निकासी में आ रही बाधा को हटाने प्लेटफार्म को तोड़ा गया। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला-खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सड़क में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

# विधायक और जिपं अध्यक्ष का कार्यालय स्टाफ वापस, 46 कर्मचारी हुए रीलिफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी आदेश से कलेक्टोरेट के अलावा जिला और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समूचे काम काज के ठप्प पड़ने की संभावना बढ़ गई है। वही अब विधायक और जिपं अध्यक्ष को कार्यालयीन काम काज के लिए मिले कर्मचारी भी वापस लौट गए है।

कलेक्टोरेट के 27, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 11 और बीईओ कार्यालय के 3 की मूल संस्था मे वापसी आदेश के साथ ही कार्यालयीन काम काज के लिए शिक्षा विभाग से विधायक यशोदा वर्मा को मिले दो और जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के पास के एक कर्मचारी को भी रीलिफ कर दिया गया है जिसके चलते अब मूल संस्था में वापसी वाले गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की संख्या 46 होगई है।

## प्रतिनियुक्ति की वापसी की मांग

*नए जिले में कर्मचारियों की कमी के चलते सरकारी काम काज के लिए शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जिला कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे काम की अधिकता के चलते विभाग के गैर शैक्षणिक स्टाफ को संलग्न कर काम लिया जा रहा था। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश में उन्हें मूल संस्था में उपस्थिति आनलाइन एप के माध्यम से नही देने पर जुलाई महीने का वेतन रोकने, अनुशासनात्मक कारवाई और निर्धारित समय सीमा मे ज्वाइंनिंग नही देने के बाद उनके कार्यभार ग्रहण तक की तिथि को ब्रेक इन सर्विस संबंधी प्रस्ताव भेजने कहा था। उक्त आदेश के पालन को लेकर कर्मचारियों में भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि जिनके पास उन्होंने सालों काम किया वही अधिकारी संचालनालय के आदेश का अक्षरशः पालन करने तत्पर दिखे। दबे स्वर में कर्मचारियों ने कहा कि जिस तरीके से संचालनालय ने गैर शैक्षणिक की वापसी को लेकर तानाशाही दिखाई है वैसे ही प्रतिनियुक्ति समाप्त करने और शैक्षणिक स्टाफ की वापसी को लेकर भी तत्परता दिखाए ताकि उन्हें यह महसूस ना हो कि उनके साथ विभाग ने दुहरा रवैया अपनाया है। उनका कहना है कि नीति सभी पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। यदि प्रशासनिक जरूरतों के कारण प्रतिनियुक्ति आवश्यक है तो विभाग को इसकी स्पष्ट नीति और कारण सार्वजनिक करना चाहिए।*

# छत्तीसगढ़ी ठुमका के फाइनल में सखी ग्रुप

**कल्लूबंजारी।** छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में शानदार प्रस्तुति देकर बूचाटोला के सखी डांस ग्रुप के कलाकार फाइनल में पहुंच गए हैं। छत्तीसगढ़ी ठुमका प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की 100 टीमों को चयनित किया गया था। सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के कलाकार लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला तक पहुंच गए है। फाइनल मुकाबला में पांच टीम पहले से पहुंच चुकी थी। चार से संचालित सखी डांस ग्रुप में पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएँ हैं। इन नन्हे कलाकारों को दिनेश कुरेटी, जीनूराम वर्मा, योगेश तारम, तीरथ तारम, शशि कंवर, तानी तारम का सहयोग सतत मिल रहा है।



# शराब परिवहन करते पकड़ा गया, 47 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 47 पौवा प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 जुलाई को थाना ठेलकाडीह पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम ठेलकाडीह से ग्राम मरकामटोला खार की ओर एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर परिवहन कर रहा है।

## बोरी में रखा था शराब

सूचना पर तत्काल थाना ठेलकाडीह पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को ग्राम मरकामटोला खार के पास रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम तीजू यादव 32 वर्ष निवासी ग्राम सिंगारपुर बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे में रखी सफेद प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 47 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन अनुमानित कीमत 3,760 रुपए की पाई गई।

## पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 18 जुलाई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# बरबसपुर में साप्ताहिक बाजार शुरू

**गंडई पंडरिया।** ग्राम बरबसपुर में बाजार की शुरूवात की गई है। गत दिनों शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ इस सप्ताहिक बाजार की शुरुआत की गई।

अब तक गांव के लोगों को रोजमर्रा की जरूरी चीजों के लिए 3 किमी दूर लिमो या 8 किमी दूर गंडई जाना पड़ता था जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती थी। गांव में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से ग्रामीणों को गांव में ही सामान खरीदने की सुविधा मिलेगी।

# स्थापना दिवस पर शहीदों की स्मृति में रक्तदान

**डोंगरगढ़।** छात्र युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ, छात्र युवा मंच, सतनाम ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं परमालकसा के ग्रामीणों के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान किया। यह आयोजन 12 जुलाई 2009 को कोरकोट्टी में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों की स्मृति में किया गया था। आयोजकों ने इस मौके पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया। सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उप मुख्यमंत्री से भेंट कर सौंपा ज्ञापन नगर विकास के लिए मांगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर विकास के लिए गुरूवार को उपमुख्यमंत्री अरूण साव से भेट कर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति एवं अनुदान उपलब्ध कराने पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।



नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव से विधानसभा में भेट कर जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत इंटेकवेल के लिए भूमि अधिग्रहण की मंजूरी, किसान को मुआवजा देने फंड उपलब्ध कराने एवं नालंदा परिसर, एसटीपी की स्वीकृति के लिए आभार जताया। उन्होंने शिवनाथ एनीकट के सौंदर्यीकरण, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने चौपाटी निर्माण के लिए राज्य प्रवर्तित योजना से 50 लाख के अनुदान की मांग की। इसके अलावा नगर में रैन बसेरा निर्माण के लिए भी तीस लाख की मंजूरी देने की मांग की।

# एक पर कार्रवाई, दूसरे को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ

ग्राम पंचायत कातलवाही में बिना लाइसेंस कथित नकली खाद निर्माण और भंडारण के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस प्रकरण में स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि विभागीय संरक्षण में नकली खाद का निर्माण और विक्रमय होते रहा है। इस खाद की आपूर्ति प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक की जाती थी।

जानकारी के अनुसार किसान जीवन जंघेल द्वारा गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर संचालित फैक्ट्रियों में जैविक खाद के नाम पर अवैध खाद का निर्माण किया जा रहा था। इस मामले की शिकायतें सामने आती रही है किन्तु कार्रवाई नहीं होने से कारोबार फलते फूलते रहा। सूत्रों के मुताबिक जिला प्रशासन के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने कातलवाही स्थित स्वस्तिक ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स लिमिटेड में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

## अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

*क्षेत्रवासियों ने पूरे मामले में कृषि विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर संदेह जताते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई किया जाता तो कथित कारोबार संचालित नहीं होता। आरोप लगाया जा रहा है कि पूर्व में शिकायतें मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने से अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला।*









युवा हिन्दु हृदय सम्राट जन प्रिय जन जन के नेता
उप मुख्यमंत्री मा.श्री विजय भैया
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं...
19 जुलाई
राम कुमार चन्द्रवंशी
सुगंध चंद चन्द्रवंशी
शिवभजन चन्द्रवंशी
विनीत : सलिल चन्द्राकर, वरिष्ठ समाज सेवी कबीरधाम


हम सब के प्यारे जन जन के दुलरुवा, किसान के मितान अऊ गरीब के जुबान जननायक
भैया विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिन की
बहुत बहुत बधाई
एवं
हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday
19 जुलाई
श्रीमती बालका वर्मा
अध्यक्ष जं. पं. बोड़ला
श्री रामकिंकर वर्मा
विधायक प्रतिनिधि
हीरो जांगड़े
कांति (राजा) वर्मा
प्रतिनिधि उपा.जं.प. बोड़ला
नंद श्रीवास
उपाध्यक्ष जं. पं. बोड़ला


कवर्धा के लाडले विधायक
एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग.)
विजय शर्मा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ...
Happy Birthday
श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू
सभापति जिला पंचायत
श्री लालचंद साहू
श्री दुजेराम साहू
सरपंच
विनीत : ग्राम पंचायत खड़ौदा कला, ज.प.बोड़ला जिला-कबीरधाम(छ.ग.)


19 जुलाई
जन-जन के नेता हिन्दू हृदय सम्राट
कवर्धा के लाडले एवं लोकप्रिय विधायक
मान. श्री विजय शर्मा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
विनीत : पूर्णिमा मनीराम साहू , सभापति जिला पंचायत, कबीरधाम


युवाओं के प्रेरणास्रोत और जन-प्रिय
छ. ग. प्रदेश के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री
श्री विजय शर्मा जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई..
शुभकामनाएं..
19 जुलाई
शुभ जन्मदिवस
शुभेच्छु : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अध्यक्ष - नगर पालिका परिषद कवर्धा


जीवेद शरदः शतम्
कवर्धा के जन सेवक, जन नायक सबके लाडले
लोकप्रिय यशस्वी, उपमुख्यमंत्री
विजय शर्मा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
Happy Birthday
रामकुमार भट्ट
सभापति
एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत
कबीरधाम
श्रीमती सुशीला भट्ट
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत
कबीरधाम
शुभेच्छु: रामकुमार भट्ट सुशीला भट्ट जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


कवर्धा के जनसेवक, जननायक सबके लाडले यशस्वी
( उपमुख्यमंत्री )
मान. श्री विजय शर्मा जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
शुभ जन्म दिवस 19 जुलाई
शुभेच्छु - ईश्वरी साहू अध्यक्ष - जिला पंचायत कबीरधाम